देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 03.11.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य विधानसभा का विशेष सत्र आज से शुरू होगा; राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सदन को करेंगी संबोधित।
- राष्ट्रपति ने देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन में फुट ओवर ब्रिज और घुड़सवारी क्षेत्र का लोकार्पण किया।
- भारत ने पहली बार आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का खिताब जीता, फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराया।
- पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, आज अल्मोड़ा के माल रोड स्थित हेड पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान के तहत शिविर आयोजित करेगा।

विधानसभा विशेष सत्र

उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आज विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अभिभाषण करेंगी। सत्र को लेकर विधानसभा में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कल विधानसभा भवन पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रपति के आगमन, प्रोटोकॉल, अतिथियों के स्वागत, मीडिया प्रतिनिधियों और आगंतुकों की बैठने की व्यवस्था सहित सभी तैयारियों का जायजा लिया।

श्रीमती खंडूड़ी ने कहा कि यह सत्र राज्य की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत, 25 वर्षों की विकास यात्रा और आने वाले समय की संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा। सत्र में राज्य की प्रगति और भविष्य की दिशा पर विशेष चर्चा होगी। राष्ट्रपति से पहले राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष स्वागत भाषण देंगे।

उधर, राष्ट्रपति के दौरे और सुरक्षा के दृष्टिगत देहरादून के 24 स्कूलों में आज अवकाश घोषित किया गया है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति कल तीन दिवसीय भ्रमण पर उत्तराखंड पहुंची। वे आज नैनीताल राजभवन की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में भी शामिल होंगी। इसके बाद कल राष्ट्रपति कैंची धाम में नीम करोली बाबा के आश्रम दर्शन करेंगी और नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

## लोकार्पण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन में दो नई सुविधाओं– फुट ओवर ब्रिज और घुड़सवारी क्षेत्र का लोकार्पण किया। राजपुर रोड पर बना 105 फीट लंबा फुट ओवर ब्रिज राष्ट्रपति निकेतन और निर्माणाधीन राष्ट्रपति उद्यान के बीच सुरक्षित संपर्क प्रदान करेगा। उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा नौ करोड़ रुपये की लागत से बने इस पुल को स्थानीय हिमालयी वास्तुकला के अनुरूप तैयार किया गया है। रैंप और रेलिंग के साथ यह पूरी तरह सुगम पहुँच वाला पुल व्यस्त राजपुर रोड पर पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग बनेगा।

राष्ट्रपति निकेतन परिसर में तैयार शून्य दशमलव सात एकड़ का घुड़सवारी क्षेत्र राष्ट्रपति अंगरक्षकों की ऐतिहासिक परंपरा को दर्शाता है। सीपीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित इस क्षेत्र में आठ घोड़ों की क्षमता वाला अस्तबल, उपचार कक्ष, स्नान व चारा कक्ष और आगंतुकों के लिए देखने का गलियारा बनाया गया है।

नई सुविधा सोमवार को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक आम आगंतुकों के लिए खुली रहेगी। यहाँ राष्ट्रपति सर्किट के अंतर्गत निर्देशित भ्रमण की भी व्यवस्था की गई है।

## यातायात डायवर्जन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नैनीताल भ्रमण को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने विस्तृत यातायात योजना लागू की है। सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए आज और कल सुबह 8 बजे से कार्यक्रमों की समाप्ति तक विशेष यातायात व्यवस्था प्रभावी रहेगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि इस दौरान कुल 17 डाइवर्जन प्वाइंट बनाए गए हैं, जिनसे वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर भेजा जाएगा। वीवीआईपी रूट पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले वाहन कालाढूंगी या रामनगर मार्ग से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। रोडवेज और केमू स्टेशन से चलने वाली बसें और टैक्सियां अपने–अपने स्टैंड पर रोकी जाएंगी।

राष्ट्रपति के हल्द्वानी से नैनीताल आगमन के दौरान रोडवेज, नैनीताल बैंक तिराहा, पनचक्की तिराहा, सलड़ी चौकी, अमृतपुर गेट, रूसी बैण्ड, भवाली मार्ग, कालाढूंगी रोड और ऑल सेंट तिराहा सहित कई प्रमुख स्थानों पर यातायात रोका या डायवर्ट किया जाएगा। भवाली और भीमताल की ओर से आने वाले वाहनों को टूटा पहाड़, नैनी बैण्ड और ज्योलीकोट क्षेत्र में नियंत्रित किया जाएगा।

कल भी राजभवन से भवाली, कैंचीधाम और कुमाऊं विश्वविद्यालय भ्रमण के दौरान भी यातायात पर नियंत्रण रहेगा। कालाढूंगी, मल्लीताल रिक्शा स्टैंड, लेक ब्रिज चुंगी, हनुमानगढ़ी, नैनी बैण्ड, घोड़ाखाल और खैरना क्षेत्र में वाहनों का आवागमन सीमित रहेगा।

## कार्यक्रम आयोजन

उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती समारोह के तहत दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र में कल आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों ने लोक गीतों, नृत्यों और कहानियों के माध्यम से उत्तराखंड की संस्कृति को जीवंत कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे नन्हे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।

राज्य स्थापना दिवस समारोह की श्रृंखला में साहित्यिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्तराखंड पुस्तक मेला और बाल गतिविधियां इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहीं। पुस्तक मेले में उत्तराखंड की संस्कृति, समाज, लोक जीवन और इतिहास से जुड़ी पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया।

## आईसीसीस महिला क्रिकेट विश्वकप

नवी मुंबई में कल रात खेले गए रोमांचक फाइनल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीत लिया। दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया, लेकिन भारतीय बल्लेबाज़ों ने शुरू से ही दमदार प्रदर्शन किया।

भारत ने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 87 रनों की शानदार पारी खेली और टीम को मज़बूत स्कोर तक पहुँचाया। जवाब में 299 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम एक समय मज़बूत स्थिति में थी, लेकिन दीप्ति शर्मा की शानदार गेंदबाज़ी ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने कप्तान लौरा वोल्वार्ट समेत तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और दक्षिण अफ्रीका की टीम 209 पर पाँच विकेट से 246 रन पर ऑलआउट हो गई। दीप्ति ने 9 दशमलव तीन ओवर में 39 रन देकर पाँच विकेट हासिल किए।

शेफाली वर्मा को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि दीप्ति शर्मा को पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब मिला।

## डिजिटन जीवन प्रमाणपत्र अभियान

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा एक से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज अल्मोड़ा के माल रोड स्थित हेड पोस्ट ऑफिस में एक शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग पेंशनभोगियों के लिए विशेष सुविधा दी जाएगी।

अभियान के अंतर्गत पेंशनभोगी फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से अपना डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे।

इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य देश के सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनभोगियों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचाना है। इसके तहत दो हजार से अधिक शहरों और कस्बों में दो करोड़ से अधिक पेंशनभोगियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान आधार–आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर विशेष बल दिया जाएगा, जिससे पेंशनभोगी बिना बायोमेट्रिक उपकरण के अपने स्मार्टफोन से घर बैठे जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे।

चतुर्दशी मेला

पौड़ी में स्थित गगवाड़स्यूं घाटी के प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवलेश्वर महादेव मंदिर बलोड़ी में बैकुंठ चतुर्दशी मेले में रविवार को चक्रव्यूह मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में स्थानीय कलाकारों ने भी प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा पहली बार सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि देवलेश्वर महादेव मंदिर घाटी के 34 से अधिक गांवों की आस्था का केंद्र होने के साथ–साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक स्थल है, बल्कि लोक परंपरा, लोककला और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र के आयोजन की खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– मुखर्जी के बाद अब मुर्मू बढ़ाएंगी विधानसभा का मान, ऐतिहासिक क्षण। दैनिक जागरण लिखता है – आज विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप में खिताबी जीत की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है – चैंपियन बेटियां, भारत को पहली बार विश्व कप का ताज।

हिन्दुस्तान सामाचार पत्र का शीर्षक है – बेटियों ने जीत ली दुनिया।

इसरो ने अंतरिक्ष में सबसे भारी सेटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजा है। इस खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– इसरो ने स्पेस में भेजा बाहुबली सेटेलाइट। दैनिक जागरण की सुर्खी है– अंतरिक्ष में बढ़ी नौसेना की ताकत, इसरो ने बाहुबली रॉकेट से लॉच किया सबसे भारी उपग्रह।